हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 30 दिसंबर 2025


तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री


13 नवाचारी शिक्षक धनेश रजक राष्ट्रीय शिक्षक रत्न से सम्मानित...





12 कलेक्टर ने साप्ताहिक जनचौपाल में सुनी ...






खबर संक्षेप

## जिले में धान खरीदी 3.74 लाख मीट्रिक टन के पार, उठाव प्रक्रिया तेज



**बेमेतरा।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य में अब तक प्राप्त आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार जिले में कुल 3 लाख 74 हजार 74 मीट्रिक टन धान की खरीदी पूरी की जा चुकी है। खरीदे गए धान में विभिन्न किस्में शामिल हैं,जिनमें मोटा धानः 65,909 मीट्रिक टन,पतला धानः 15,576 मीट्रिक टन, सरना धानः 2,92,595 मीट्रिक टन है आंकड़ों से स्पष्ट है कि सरना धान की मात्रा सर्वाधिक रही है, जो जिले की कृषि संरचना और किसानों की प्राथमिकताओं को दर्शाती है। जिला प्रशासन ने बताया कि धान खरीदी के साथ-साथ धान उठाव (लिफ्टिंग) की प्रक्रिया भी लगातार जारी है, ताकि खरीदी केंद्रों में भंडारण की समस्या न हो और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न उठानी पड़े। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दो किस्मों के धान का पूर्ण रूप से इश्यू (उठाव) हो चुका है, जबकि शेष दो किस्मों का लगभग 60 प्रतिशत उठाव सफलतापूर्वक किया जा चुका है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि उठाव प्रक्रिया में तेजी लाए जाने से खरीदी केंद्रों में धान का सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित हो रहा है तथा खरीदी कार्य निर्बाध रूप से आगे बढ़ रहा है। इसके साथ ही मिलर्स और परिवहन एजेंसियों के समन्वय से धान को समय पर गोदामों और मिलों तक पहुंचाया जा रहा है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि शेष धान का उठाव भी शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा, जिससे खरीदी केंद्रों पर दबाव कम होगा और किसानों को समय पर भुगतान का लाभ मिलेगा।

## रात का पारा सामान्य से साढ़े 4 डिग्री नीचे

**भिलाई।** ठंड अपने पूरे सबाब पर है। रविवार को ट्विनसिटी में न्यूनतम तापमान डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस कम है। इसके उलट दिन का तापमान सामान्य से 2.6 डिग्री ज्यादा रहा, जो 29.6 डिग्री रिकार्ड किया गया। इस प्रकार दिन और रात के तापमान में करीब 20 डिग्री का अंतर है। ऐसे मौसम में खासकर सर्दी–जुकाम और वायरल संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी की आशंका बनी रहती है। सुबह और रात के समय ठंड महसूस की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दो दिनों में रात के तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस और गिरावट आ सकती है। इसके चलते जिले के कई हिस्सों में शीतलहर जैसी स्थिति बनने की संभावना है।

# सोरला वेयरहाउस निर्माण में भारी अनियमितताएं, हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

■ इंजीनियर नदारद, मुंशी–मजदूरों के भरोसे निर्माण

ब्लॉक बेरला अंतर्गत ग्राम सोरला में निर्माणाधीन छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउस गोदाम अब केवल एक सरकारी परियोजना नहीं, बल्कि संभावित "भविष्य का हादसा" बनता जा रहा है। करोड़ों रुपये की लागत से बन रहा यह वेयरहाउस प्रारंभ से ही नियमों, मानकों और जवाबदेही की खुली अवहेलना का उदाहरण बन चुका है। सवाल यह नहीं कि अनियमितताएं हैं या नहीं, सवाल यह है कि इन अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार कौन है और प्रशासन अब तक मौन क्यों है। स्थल पर मौजूद हालात खुद गवाही दे रहे हैं कि निर्माण कार्य तकनीकी नियमों के अनुसार नहीं हो रहा। दीवारों में अनिवार्य पानी की तराई नहीं की जा रही, जिससे ईंट और सीमेंट का बंधन कमजोर रह जा रहा है। निर्माण विशेषज्ञों की मानें तो इस तरह का निर्माण न केवल अल्पकालिक होता है, बल्कि भारी संरचनाओं के लिए घातक भी साबित हो सकता है। सबसे गंभीर तथ्य यह सामने आया है कि निर्माण स्थल पर विभागीय अभियंता, साइड इंजीनियर अथवा जिम्मेदार अधिकारी शायद ही कभी नजर आते हैं। पूरा काम ठेकेदार के मुंशी और अकुशल मजदूरों के भरोसे छोड़ा गया है। ▶▶| शेष पेज 10 पर

## करोड़ों की सरकारी परियोजना में नियमों की अनदेखी

### सूचना बोर्ड तक नहीं- पारदर्शिता की हत्या

सरकारी नियमों के अनुसार प्रत्येक निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड लगाना अनिवार्य है, जिसमें परियोजना की लागत, कार्यदायी संस्था, समय-सीमा और जिम्मेदार अधिकारियों का उल्लेख होता है। लेकिन सोरला वेयरहाउस में सूचना बोर्ड का न होना यह दर्शाता है कि या तो नियमों की जानकारी नहीं, या जानबूझकर नियमों को छुपाया जा रहा है।



### जवाबदेही तय होना जरूरी

स्थानीय जनता और जनप्रतिनिधियों की मांग है कि उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए निर्माण कार्य तत्काल रोका जाए जिम्मेदार अधिकारियों, ठेकेदार और पर्यवेक्षकों पर कार्रवाई हो गुणवत्ता जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। अब देखना यह होगा कि प्रशासन समय रहते कदम उठाता है या फिर किसी दुर्घटना के बाद केवल जांच कमेटियों की औपचारिकता निभाई जाएगी।

## धान पर सियासत: बेमेतरा में आज तालाबंदी, कांग्रेस बनाम प्रशासन आमने-सामने

# धान खरीदी को लेकर सियासी टकराव तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ कांग्रेस की तालाबंदी की घोषणा पर खाद्य विभाग का पलटवार



जिले में धान खरीदी की धीमी रफ्तार और कथित अव्यवस्थाओं को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश सरकार पर किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए आज 30 दिसंबर को जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों एवं सोसाइटियों में तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है। वहीं कांग्रेस के आरोपों को भ्रामक और तथ्यहीन बताते हुए खाद्य विभाग ने कड़ा प्रेस बयान जारी कर उनका खंडन किया है। इसके बावजूद कांग्रेस अपने पूर्व घोषित आंदोलन और तालाबंदी पर अड़ी हुई है।

कांग्रेस का आरोप है कि जिले में धान खरीदी की रफ्तार बेहद धीमी है और टोकन लिमिट इतनी कम है कि किसान अपना पूरा धान बेच ही नहीं पा रहे। उधर खाद्य विभाग ने कांग्रेस के दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि टोकन लिमिट बढ़ाने की प्रक्रिया पहले ही पूरी की जा चुकी है और आगे बढ़ाने का प्रस्ताव भी शासन को भेजा गया है। हालात यह हैं कि एक तरफ कांग्रेस तालाबंदी पर अड़ी हुई है, तो दूसरी तरफ प्रशासन इसे किसानों के हितों के खिलाफ बता रहा है। आज का दिन तय करेगा कि बेमेतरा में धान खरीदी की लड़ाई किसानों की बनेगी या राजनीति की।

### कांग्रेस का आरोपः टोकन लिमिट नाकाफी, किसान होंगे वंचित

जिला कांग्रेस कमेटी का कहना है कि बेमेतरा जिले के लिए शासन द्वारा निर्धारित धान खरीदी की टोकन लिमिट अपर्याप्त है। कांग्रेस का दावा है कि सीमित टोकन के कारण किसान समय-सीमा में अपना पूरा धान नहीं बेच पा रहे हैं, जिससे उन्हें भारी नुकसान की आशंका है। इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने पहले ही कलेक्टर के नाम पत्र सौंपकर टोकन लिमिट बढ़ाने की मांग की थी, लेकिन अब तक राज्य सरकार द्वारा ठोस घोषणा दिखाई नहीं देने के कारण कांग्रेस ने आंदोलन का रास्ता अपनाने का निर्णय लिया है। कांग्रेस नेताओं ने कार्यकर्ताओं को 30 दिसंबर को तालाबंदी के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए हैं।

### तालाबंदी को बताया अवैधानिक

खाद्य विभाग ने 30 दिसंबर को तालाबंदी के आह्वान को अवैधानिक और अनुचित करार देते हुए कहा है कि इससे धान उपार्जन व्यवस्था बाधित होगी और इसका सीधा नुकसान किसानों को ही उठाना पड़ेगा। विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों में न आएं और शासन की व्यवस्था पर भरोसा रखें।

### खाद्य विभाग का जवाबः आरोप भ्रामक, लिमिट बढ़ाई जा चुकी

इधर खाद्य विभाग ने कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आवेदन क्रमांक 2160 दिनांक 26.12.2025 में प्रस्तुत तथ्य भ्रामक एवं तथ्यहीन हैं। खाद्य विभाग के अनुसार,जिले में 19.12.2025 को ही टोकन लिमिट संशोधन का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था, जिसके अनुरूप टोकन लिमिट संशोधित की जा चुकी है। किसानों के हित में 27.12.2025 को टोकन लिमिट से अधिक लिमिट तय करने का पुनः प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। यह कहना कि टोकन लिमिट नहीं बढ़ाई गई, तथ्यों के विपरीत है।

**अंतिम तिथि पर भी विवादः** कांग्रेस द्वारा धान खरीदी की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2026 बताने पर भी खाद्य विभाग ने आपत्ति जताई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि राज्य शासन द्वारा धान उपार्जन की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। ऐसे में अंतिम तिथि को लेकर फैलाया जा रहा भ्रम किसानों को गुमराह करने वाला है।

# शिवसेना ने बांग्लादेश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री का किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन

बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे कथित हमलों के विरोध में शिवसेना द्वारा रविवार को बेमेतरा में बांग्लादेश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मो. यूनुस खान का पुतला दहन किया गया। यह कार्यक्रम शिवसेना छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के निर्देशानुसार प्रदेश भर के जिला व ब्लॉक मुख्यालयों में आयोजित किया जा रहा है। शिवसेना छत्तीसगढ़ कार्यकारिणी सदस्य मनीष वर्मा ने बताया कि बेमेतरा में यह विरोध प्रदर्शन जिला अध्यक्ष राम राज शास्त्री के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में कार्यवाहक प्रधानमंत्री के पदभार संभालने के बाद से हिंदू मंदिरों, देवी-देवताओं के अपमान, हिंदू महिलाओं के साथ अत्याचार तथा हिंदू पुरुषों के साथ हिंसक घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। शिवसेना नेताओं ने कहा कि पुतला दहन के माध्यम से बांग्लादेश सरकार को यह संदेश दिया जा रहा है कि वहां रह रहे हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों पर संवैधानिक और प्रभावी तरीके से रोक लगाई जाए। शिवसेना ने चेतावनी दी कि जब तक हालात में सुधार नहीं होता, तब तक संगठन इसी तरह समय-समय पर विरोध दर्ज कराता रहेगा।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में शिवसेना किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव दिनेश ताम्रकार, महामंत्री मनीष तिवारी, गोविंद साहू, परमेश्वर साहू, बेमेतरा विधानसभा अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष विजय सेन सहित शिवसेना के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बेरला आबकारी ने जब्त किया 32 पाव देशी मसाला शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला बेमेतरा के आबकारी विभाग वृत्त-बेरला द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 29 दिसंबर 2025 को आबकारी टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 32 पाव देशी मसाला शराब जब्त की है। मामले में आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

आबकारी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुखबिर से फोन के माध्यम से अवैध मदिरा धारण एवं विक्रय की सूचना प्राप्त होने पर आबकारी वृत्त बेरला की टीम ने कठिया से बेमेतरा मार्ग पर दबिश दी। मौके पर उपस्थित आरोपी रंजीत बघेल (27 वर्ष) पिता रामखिलावन बघेल, निवासी कठिया वार्ड क्रमांक 16, थाना बेमेतरा के कब्जे से एक काले बैग में रखी 32 पाव देशी मसाला मदिरा (प्रत्येक



180-180 एमएल, कुल मात्रा 5.76 लीटर) बरामद की गई। जब्त शराब की अनुमानित बाजार कीमत 3200 रुपये बताई गई है।

### रिमांड पर आरोपी, पूछताछ जारी

बरामद मदिरा को मौके पर ही सील बंद कर आबकारी विभाग ने कब्जे में लिया। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59(क) के तहत गैर-जमानती प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह यह शराब सिमगा से विक्रय के उद्देश्य से लेकर आया था। विभाग के अनुसार आरोपी आदतन अवैध मदिरा विक्रय में लिप्त रहा है तथा उसके विरुद्ध पूर्व में भी आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज हो चुका है।

### 9 लीटर शराब के साथ 3 बाइक जब्त

कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक निवेदिता मिश्रा, आबकारी आरक्षक महेंद्र नाग एवं वाहन चालक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आबकारी विभाग ने बताया कि माह दिसंबर में वृत्त-बेरला अंतर्गत अवैध मदिरा विक्रय के विरुद्ध अब तक 03 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं, जिनमें 9.1 लीटर मदिरा (बाजार मूल्य लगभग 5100 रुपये) तथा 03 दोपहिया वाहन (अनुमानित मूल्य 50 हजार रुपये) जब्त किए गए हैं।

## लमती की लड़कियों ने कबड्डी में बाजी मारी...



**नांदघाट।** अकोली कबड्डी प्रतियोगिता 2025 में बालिका वर्ग में लमती की बालिकाओं ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर कप एवं नगद पुरस्कार पर अधिकार किया। दूसरे स्थान पर मऊ की टीम रही तीसरे स्थान कौशलपुर टीम रही तथा चर्तुथ स्थान पर मेजबान अकोली की टीम रही। सभी टीम को नगद पारितोषिक, कप स्मृति चिन्ह एवं मैडल सरपंच सुनिता निषाद एवं अतिथियों ने प्रदान किया।

## राज्य सरकार पर वादा ख़िलाफ़ी का आरोप, अनिश्चितकालीन आंदोलन की दी चेतावनी

# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का जोरदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर जिले के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने मोदी की गारंटी से जुड़ी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला मुख्यालय बेमेतरा में तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन की शुरुआत की। धरना स्थल कचहरी के सामने स्थित जयस्तम्भ चौक रहा, जहां सोमवार को पहले दिन ही कर्मचारियों का आक्रोश खुलकर सामने आया। धरना प्रदर्शन में जिले के विभिन्न विभागों, संगठनों और संघों से जुड़े कर्मचारी एवं अधिकारी शामिल हुए।

प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए राज्य सरकार पर चुनावी वादों से मुकरने का गंभीर आरोप लगाया और कहा कि सरकार ने कर्मचारियों से किए गए आश्वासनों को अब तक पूरा नहीं किया है। धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यदि सरकार ने 11 सूत्रीय मांगों पर शीघ्र और गंभीरता से विचार नहीं किया, तो कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन भविष्य में अनिश्चितकालीन आंदोलन करने के लिए बाध्य





होगा।उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाले हालातों की संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। फेडरेशन के जिला संयोजक अश्वनी बेनर्जी एवं महासचिव नानक साहू ने कहा कि कर्मचारियों का यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण है, लेकिन सरकार की उपेक्षा ने कर्मचारियों में भारी असंतोष पैदा कर दिया है। तृतीय वर्ग के प्रांतीय उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा और प्रांतीय सचिव संतोष नामदेव ने भी सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की।

**ये रहे मौजूदः** धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से जी.एल. खुटियारे, बलदाऊ पटेल, हितेन्द्र सिन्हा (जिलाध्यक्ष तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ), राजेश जायसवाल, टी.डी. जांगड़े, योगेंद्र भार्गव, नलेश्वर साहू (जिलाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ), एस.पी. कोषले, सुधीरहरि श्रीवास्तव (जिलाध्यक्ष लिपिक संघ), ईश्वर लाल साहू, के.पी. तिवारी (जिलाध्यक्ष पेंशन फेडरेशन), कमलेश सिंह बिसेन (प्रधान पाठक संघ), होरीलाल तिवारी, डाइट प्राचार्य जे.के. घृतलहरे, उप प्राचार्य डॉ. कमल कपूर बंजारे, आर.के. वर्मा (जिलाध्यक्ष पेंशन फोरम) सहित अनेक पदाधिकारी शामिल रहे। इसके अलावा राजपुरोहित (ब्लॉक संयोजक साजा), विजय बघेल, वैष्णव साजा, लालसिंह ठाकुर, सौरभ सिंह (नगरपालिका), बबलू चन्दरिया, कमलेश शर्मा (जिलाध्यक्ष राजस्व निरीक्षक), राजेश कुमार ठाकुर, चंद्रमौली त्रिपाठी (जिलाध्यक्ष सचिव संघ), निर्जल डिंडोरे (जिलाध्यक्ष पटवारी संघ), राजेश सोनी, केहर सिंह साहू (पंचायत सचिव), प्रेमप्रकाश तिवारी, आर.आई. भूपेंद्र तिवारी, शैलेन्द्र जायसवाल, विजेंद्र वर्मा, सुरेश वर्मा, चन्द्रकांता अनंत, सुरेखा सोनी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी-अधिकारी मौजूद रहे।

### आंदोलन तेज करने की दी चेतावनी

कर्मचारियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए कहा कि 29, 30 और 31 दिसंबर तक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा और यदि इसके बाद भी मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरना प्रदर्शन को सफल बताते हुए यह जानकारी मीडिया प्रभारी के.एस. परते द्वारा दी गई।

# राज्यपाल के गोद ग्राम टेमरी में योजनाओं की सघन समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ अफसरों को शत-प्रतिशत क्रियान्वयन के निर्देश

राज्यपाल द्वारा गोद लिए गए ग्राम पंचायत टेमरी में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री प्रेमलता पदमाकर ने विभिन्न विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा की। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन, महात्मा गांधी नरेगा, एनआरएलएम सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत, पारदर्शी और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि गोद ग्राम टेमरी को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### वनांचल की महिलाएं बनी लखपति दीदी

**कवर्धा।** जिले के विकासखंड पंडरिया के वनांचल एवं दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र के ग्राम तेलियापानी लेदरा में रहने वाली विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय की महिलाओं ने शासकीय योजनाओं से मिल रहे लाभ से आजीविका के नए रास्ते दिखाए है। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत वनांचल क्षेत्र में विशेष पिछड़ी जनजातिय समुदाय के लिए बनाए जा रहे पक्के आवासों से आजीविका के नए रास्ते खुले है। पक्के आवास में उपयोग होने वाले निर्माण सामग्रियां की आपूर्ति राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की महिला स्व सहायता समूह द्वारा डीलर दीदी के रूप में आवास हितग्राहियों को बहुत ही कम दर पर उपलब्ध करा रही है।

# भोरमदेव पर्यटन कॉरिडोर भूमिपूजन 1 जनवरी को, की जा रही कार्यक्रम की भव्य तैयारियां

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने लिया तैयारियों का जायजा, अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

01 जनवरी को छत्तीसगढ़ के पर्यटन विकास को नई दिशा देने वाले भोरमदेव पर्यटन कॉरिडोर का भूमिपूजन होने जा रहा है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल से लगभग 146 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस परियोजना का भूमिपूजन केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के करकमलों से संपन्न होगा। आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भोरमदेव मंदिर परिसर स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर तैयारियों की विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मुख्य मंच व बैठक व्यवस्था, जनसमुदाय के बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात, पार्किंग, पेयजल सहित आयोजन से संबंधित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। भोरमदेव मंदिर परिसर अपनी प्राचीन स्थापत्य कला और धार्मिक आस्था के लिए प्रसिद्ध है। पर्यटन कॉरिडोर के निर्माण से यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं



मिलेंगी, जिससे क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी गति मिलेगी। भोरमदेव पर्यटन कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत सड़क, पार्किंग, व्यू प्वाइंट, पर्यटक सुविधा केंद्र, सौंदर्यीकरण एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इससे न केवल पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ा जाए। भोरमदेव कॉरिडोर इसी सोच का परिणाम है, जो आने वाले वर्षों में क्षेत्र की पहचान को और मजबूत करेगा। भोरमदेव पर्यटन कॉरिडोर का भूमिपूजन न केवल नए साल की शुरुआत को खास बनाएगा, बल्कि छत्तीसगढ़ के पर्यटन मानचित्र पर एक नई उपलब्धि के रूप में दर्ज होगा। यह परियोजना राज्य के ऐतिहासिक और धार्मिक पर्यटन को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, सभापति डॉ वीरेंद्र साहू, कलेक्टर गोपाल वर्मा, एएसपी पुष्पेंद्र सिंह बघेल, एडीएम विनय पोयाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

**अनदेखी:** कलेक्टर के आदेश के बाद भी विभागीय कार्रवाई शून्य

# जिले में नए साल से पहले अवैध शराब कारोबारियों की सक्रियता बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नववर्ष के स्वागत और जश्न में अब महज दो दिन का समय शेष रह गया है। जैसे-जैसे नया साल नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे लोगों में उत्साह का माहौल भी देखने को मिल रहा है। बाजारों में रौनक है, लोग जश्न की तैयारियों में जुटे हुए हैं। लेकिन इस उत्साह के बीच कुछ मौका-परस्त तत्व भी सक्रिय हो गए हैं, जो कानून को ताक पर रखकर अवैध गतिविधियों को अंजाम देने में लगे हुए हैं। इनमें सबसे अधिक सक्रिय अवैध शराब विक्रेता नजर आ रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नए साल के जश्न को देखते हुए अवैध शराब विक्रेताओं ने पहले से ही तैयारी कर ली है। जिले के गांव-गांव में शराब की अवैध खेप छिपाकर रखी गई है, जिसे नए साल के दौरान खपाने की योजना बनाई गई है। बताया जा रहा है कि इन विक्रेताओं ने पियक्कड़ों की मांग को ध्यान में रखते हुए देशी के साथ-साथ अंग्रेजी शराब की कई महंगी ब्रांड भी अवैध रूप से जमा कर ली हैं। हैरानी की बात यह है कि नए साल के मौके पर अवैध शराब की बिक्री की आशंका को देखते हुए जिला कलेक्टर द्वारा पहले ही आबकारी विभाग सहित संबंधित विभागों को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। इसके बावजूद अब तक जिले में किसी बड़ी कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई है। न तो छापेमारी की खबर है और न ही किसी अवैध शराब विक्रेता पर ठोस कार्रवाई की पुष्टि हो रही है। सूत्रों की मानें तो जिन शहरों और गांवों में सरकारी शराब दुकानें संचालित हैं, उन्हें छोड़ दिया जाए तो शायद ही कोई ऐसा गांव बचा हो, जहां अवैध शराब का कारोबार सक्रिय न हो। ग्रामीण इलाकों में यह धंधा खुलेआम फल-फूल रहा है, लेकिन संबंधित विभाग की ओर से इस पर अंकुश लगाने के प्रयास नजर नहीं आ रहे हैं।




### आखिर कोचियों तक कहां से पहुंच रही शराब ?

नए साल के जश्न से पहले जिले में सक्रिय अवैध शराब कारोबार ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर यह अवैध शराब कोचियों तक कहां से पहुंच रही है। सूत्रों की मानें तो शराब की यह खेप न केवल बाहरी राज्यो बल्कि कुछ मामलों में जिले के भीतर से ही सप्लाई की जा रही है। संदेह जताया जा रहा है कि सरकारी शराब बेंचने वाले विभाग, परिवहन करने वाले वाहन चालक और सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय तस्कर इस अवैध नेटवर्क की कड़ी हो सकते हैं। बिना किसी भय के गांव-गांव शराब की आपूर्ति होना विभागीय निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है। यदि समय रहते इस सप्लाई चैन को नहीं तोड़ा गया, तो नए साल के दौरान अवैध शराब की बिक्री चरम पर पहुंच सकती है।

### संबंधित विभाग का सूचना तंत्र जिले में फेल

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि विभाग का सूचना तंत्र भी पूरी तरह निष्क्रिय नजर आ रहा है। यदि सूत्रों को पहले से अवैध शराब की जानकारी मिल रही है, तो फिर विभाग तक यह सूचना क्यों नहीं पहुंच पा रही है, यह बड़ा सवाल खड़ा करता है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि कहीं नए साल के दौरान खपत बढ़ाने के उद्देश्य से इन अवैध शराब विक्रेताओं को अप्रत्यक्ष रूप से खुली छूट तो नहीं दी जा रही है।

### कानूनी एवं सामाजिक व्यवस्था के लिए खतरा

यहां बताना लाजिमी होगा कि नए साल के जश्न के दौरान अवैध शराब की बिक्री न केवल कानून व्यवस्था के लिए खतरा है, बल्कि इससे सामाजिक अपराध, सड़क दुर्घटनाओं और जनहानि की घटनाओं में भी वृद्धि हो सकती है। वैसे भी जिले में अधिकांश आपराधिक सड़क दुर्घटनाओं के पीछे शराब ही दोषी पाई गई है। ऐसे में जिला प्रशासन और आबकारी विभाग की जिम्मेदारी बनती है कि समय रहते सख्त कदम उठाए जाएं और अवैध शराब कारोबारियों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि नया साल सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जा सके।

# ट्रैक्टर से गिरे युवक की मौत, वाहन चालक पर लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के बोड़ला विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम टिकरी मगरवाड़ा क्षेत्र में ट्रैक्टर से गिरने के कारण एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत नेउर निवासी शिवचरण पिता पनटोरा आयु 19 वर्ष रविवार को ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर छट्टी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बोड़ला विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम टिकरी मगरवाड़ा गया था। बताया जाता है कि रात्रि करीब 8.30 बजे जब शिवचरण दूसरे ग्रामीणों के साथ ट्रैक्टर ट्राली में बैठकर वापस अपने गांव लौट रहा था, इसी दौरान रास्ते में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली के अनियंत्रित हो जाने से शिवचरण ट्रैक्टर ट्राली से नीचे गिर गया और ट्रैक्टर के बड़े चक्के नीचे आ गया। बताया जाता है कि घटना के बाद उसे तत्काल तरेगांव जंगल अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने प्रारंभिक जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया और इसकी सूचना थाने में देने तथा शव का पीएम कराने कहा। लेकिन परिजन पुलिस को बिना सूचना दिए तथा शव का पीएम कराए बगैर मृतक को अपने गांव ले आए जहां सोमवार को उसका अंतिम संस्कार किया जा रहा था। लेकिन इस बात की जानकारी कुकदुर पुलिस को मिलने के बाद पहले शव का पीएम कराया गया और बाद में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। वहीं तरेगांव जंगल थाना में घटना की सूचना दी गई जिस पर तरेगांव जंगल थाना में मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया गया। दूसरी तरफ मृतक युवक के परिजनो ने इसे वाहन चालक की लापरवाही मानते हुए कार्यवाही की मांग की है।



# शासन की कृषक हितैषी नीतियों से किसानों को मिल रही सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रशासनिक दावों के मुताबिक कबीरधाम जिले में धान खरीदी केंद्रों पर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं से किसान अब बिना किसी परेशानी से अपना धान विक्रय कर पा रहे हैं। खरीदी केंद्रों में माइक्रो एटीएम, बारदाना, बैठने की व्यवस्था, पेयजल सहित सभी आवश्यक सुविधाएँ सुनिश्चित की गई हैं, जिससे किसानों को भारी राहत मिल रही है और खरीदी प्रक्रिया सहज एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो रही है। इसी सुव्यवस्थित व्यवस्था का लाभ कबीरधाम जिले के ग्राम खड़ौदा खुर्द के निवासी राजकुमार साहू, को मिला है। श्री साहू के पास लगभग 20 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें वे धान एवं गन्ने की खेती करते हैं। उन्होंने बताया कि पंजीयन धान खरीदी केंद्र जेड़वन कला एवं रबेली में है। अब तक उन्होंने धान खरीदी केंद्र जेड़वन सोनबरसा में 41.60 क्विंटल धान का बेक चुके है। जिसकी राशि शीघ्रता से सीधे उनके बैंक खाते में जमा हो गई। श्री साहू ने बताया कि शासन द्वारा धान का 3100 रूपए प्रति क्विंटल कीमत पर की जा रही है तथा प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान खरीदी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जब से धान खरीदी व्यवस्था को व्यवस्थित, पारदर्शी और किसान-हितैषी बनाया गया है, तब से किसानों को वास्तविक राहत मिली है। धान के बढ़े हुए मूल्य से अब न केवल आवश्यकताएँ पूरी हो रही हैं, बल्कि भविष्य की योजनाएँ भी साकार हो रही हैं। सही मूल्य मिलने से किसानों का खेती के प्रति रुझान बढ़ा है, किसान खुश हैं और आत्मनिर्भर एवं संपन्नता की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

# मोदी की गारंटी पूरी करने की मांग को लेकर कर्मचारी -अधिकारी फेडरेशन की हड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा।

अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने सोमवार से लंबित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर अपनी तीन दिवसीय हड़ताल शुरू कर दी है। बताया जाता है कि कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की इस तीन दिवसीय हड़ताल का असर पहले दिन से ही दिखाई देने लगा और जिले के प्रायः सभी सरकारी दफ्तरों से अधिकारी और कर्मचारी नदारत रहे। जिसके चलते कार्यालयीन ठप रहा और लोगों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा। फेडरेशन की इस तीन दिवसीय हड़लाल के संबंध में फेडरेशन के जिला संयोजक अर्जुन चंद्रवंशी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष दीपक ठाकुर ने फेडरेशन द्वारा लगातार शासन से मोदी की गारंटी लागू किए जाने की मांग की जा रही है लेकिन प्रदेश में भाजपा सरकार के गठन को आज दो वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है लेकिन न तो मोदी की गारंटी पूरी की गई है और शासकीय अधिकारी कर्मचारियों की लंबित मांगों को पूरा किया जा रहा है। पदाधिकारियों ने बताया कि शासन के इस उपेक्षा पूर्ण रवैये को देखते हुए ही फेडरेशन ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर तीन दिवसीय हड़ताल का निर्णय लिया है। फेडरेशन ने कहा कि अगर इसके बाद भी मांगे पूरी नहीं की गई तो आगे बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जिला मुख्यालय कवर्धा राजमहल चौक स्थित धरना प्रदर्शन स्थल में हड़ताल के पहले दिन बड़ी संख्या में जिलेभर के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



### ग्राम पोड़ी में जिला स्तरीय सत्संग के साथ दहेज-मुक्त रमैनी सम्पन्न



**कवर्धा।** जिले के ग्राम पंचायत पोड़ी, ब्लॉक बोड़ला में गत रविवार को जिला स्तरीय सत्संग एवं दो जोड़ी की दहेज-मुक्त रमैनी (विवाह) का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 800 से अधिक श्रद्धालु भक्तों ने उपस्थित होकर सत्संग का लाभ लिया। सत्संग का आयोजन शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण में किया गया, जिसमें बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों सहित महिलाएं भी अपने परिवारों के साथ शामिल रहीं। आयोजन के दौरान संत रामपाल जी महाराज का लाइव सत्संग प्रोजेक्टर (एलईडी) के माध्यम से दिखाया गया, जिससे उपस्थित श्रद्धालुओं को सतगुरु जी के तत्वज्ञान को प्रत्यक्ष रूप से सुनने और समझने का अवसर मिला। सत्संग में संत रामपाल महाराज की अमृतवाणी के माध्यम से दहेज प्रथा, नशाखोरी, अंधविश्वास और सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया गया। साथ ही सच्ची भक्ति, नैतिक जीवन और समाज में सद्भाव बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत दो जोड़ों की रमैनी (विवाह) गुरुवाणी के अनुसार अत्यंत सादगीपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। यह विवाह पूर्णतः दहेज-मुक्त रहा, जिसमें किसी प्रकार का दिखावा या फिजूलखर्ची नहीं की गई। इस पहल को समाज के लिए अनुकरणीय बताया गया।

**शिक्षा, स्वरोजगार और सामाजिक एकजुटता का गूंजा शंखनाद, वरिष्ठों ने युवाओं को किया प्रेरित**

# क्रांतिकारी युवा संगठन का पुनर्गठन, रामलाल बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला मुख्यालय स्थित पटेल भवन, समनापुर में पटेल समाज के क्रांतिकारी युवा संगठन की एक ऐतिहासिक बैठक संपन्न हुई। समाज के दिग्गज नेताओं और सैकड़ों ऊर्जावान युवाओं की उपस्थिति में संगठन का पुनर्गठन किया गया, जिसमें रामलाल पटेल को सर्वसम्मति से निर्विरोध जिला अध्यक्ष की कमान सौंपी गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने समाज के उत्थान के लिए वैचारिक क्रांति और आर्थिक स्वावलंबन की नई रूपरेखा प्रस्तुत की। संस्थापक परदेशी पटेल ने संबोधन में संगठन की वैचारिक नींव रखते हुए कहा, कि क्रांतिकारी युवा संगठन केवल एक ढांचा नहीं, बल्कि समाज के परिवर्तन का वाहक है। पद गौरव के लिए नहीं, बल्कि सेवा और जिम्मेदारी के लिए होता है। हमारे युवाओं को शिक्षा की मशाल थामनी होगी। जब तक समाज का युवा उच्च शिक्षा और




तकनीकी ज्ञान से लैस नहीं होगा, तब तक हम आधुनिक युग की चुनौतियों का सामना नहीं कर पाएंगे। हमें एक ऐसे समाज का निर्माण करना है जहां प्रतिभा को अभाव के कारण रुकना न पड़े। वहीं शंकर पटेल जिला अध्यक्ष, पटेल समाज ने स्वरोजगार को केन्द्रित करते हुए कहा, कि आज का दौर उद्यमिता का है। समाज के युवाओं को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और स्टार्टअप से जुड़कर जॉब सीकर के बजाय जॉब क्रिएटर बनना चाहिए। जिला संगठन हर कदम पर युवाओं के स्वरोजगार प्रयासों का समर्थन करेगा। संतोष पटेल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने एकजुटता को शक्ति बताते हुए उन्होंने कहा कि हमारी बिखरी हुई ताकत हमें कमजोर बनाती है, लेकिन जब हम एक स्थान पर बैठते हैं तो हम एक अजेय शक्ति बन जाते हैं। सामाजिक एकता ही वह सुरक्षा कवच है जो हमारे अधिकारों की रक्षा करेगी। क्रांतिकारी युवा संगठन (पटेल समाज) के पुनर्गठन में अध्यक्ष भाई रामलाल पटेल, सचिव संजय पटेल, उपाध्यक्ष तुलेश्वर पटेल, बैसाखू पटेल, सुरेश पटेल, रेशम पटेल, कोषाध्यक्ष गोविंद पटेल, संरक्षक भुनेश्वर पटेल, अश्वनी पटेल, कमल पटेल, मोती राम पटेल, मीडिया प्रभारी रामदास पटेल, युवराज पटेल, प्रवक्ता सुरेश पटेल, केवल पटेल, सलाहकार नेमीचंद पटेल को चुना गया। इस अवसर पर कानूनी सलाहकार रघुवंश पाटिल, अशोक पटेल, शिवचरण पटेल सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और युवा उपस्थित थे।

### जिला साहू संघ की सामाजिक बैठक ग्राम रणवीरपुर में आयोजित

**स. लोहारा।** तहसील साहू संघ स.लोहारा की सामाजिक बैठक गत 28 दिसम्बर को ग्राम रणवीरपुर के साहू सामाजिक भवन में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 7 जनवरी 2026 को राजिम जयंती समारोह के संबंध में एवं तहसील कार्यकारणी विस्तार के संबंध में चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र साहू के निर्देशानुसार एवं जिला साहू संघ के अध्यक्ष धरमराज साहू के संरक्षण में तथा तहसील साहू संघ स.लोहारा के अध्यक्ष विजय कुमार साहू के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में सभी सामाजिक पदाधिकारीयों को राजिम जयंती समारोह में जाने के लिए तन, मन, धन से सहयोग करने एवं राजिम जयंती समारोह में सम्मिलित होने के लिए आह्वान किया गया एवं सभी मनोनीत पदाधिकारियों से संग सहयोग मिले इस आशय का अपेक्षा रखा गया।

पेज 9 के शेष

### सोरला वेयरहाउस निर्माण ...

**मापदंडों की खुलेआम अनदेखी:** सूत्रों के अनुसार, लेआउट प्लान, मापदंड और स्वीकृत डिजाइन को दरकिनार कर मनमाने ढंग से निर्माण कराया जा रहा है। प्रयुक्त मटेरियल की गुणवत्ता पर न तो कोई प्रयोगशाला जांच है और न ही गुणवत्ता प्रमाणन। इससे यह संदेह और गहरा हो जाता है कि क्या यहां लागत बचाने के नाम पर गुणवत्ता से खुला समझौता किया जा रहा है।

### राज्यपाल के गोद ग्राम ...

बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि योजनाओं का वास्तविक लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुँचना चाहिए। समीक्षा बैठक के बाद ग्राम पंचायत टेमरी एवं नांदघाट में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत निर्माणाधीन आवासों का स्थल निरीक्षण किया गया। इस दौरान निर्माण की गुणवत्ता, प्रगति और सुविधाओं का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने हितग्राहियों से सीधे संवाद कर समय-सीमा में आवास पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान रेनवाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं के निर्माण के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। साथ ही सूर्य घर योजना के तहत सोलर ऊर्जा अपनाने पर बल दिया गया, जिससे बिजली खर्च में कमी और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल सके। इस अवसर पर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता, एसडीएम नवागढ़, जनपद पंचायत नवागढ़ के सीईओ सहित संबंधित विभागों के जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने गोद ग्राम टेमरी के समग्र विकास के लिए समन्वित प्रयास करने का संकल्प लिया।

# नवाचारी शिक्षक धनेश रजक राष्ट्रीय शिक्षक रत्न से सम्मानित, ओडिशा में मिला गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

शिक्षा के क्षेत्र में अपने अभिनव प्रयोगों और समर्पण के लिए पहचाने जाने वाले धनेश रजक (प्रधान पाठक, शासकीय प्राथमिक शाला खपरी धोबी) को ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में राष्ट्रीय शिक्षक रत्न समता अवार्ड से नवाजा गया है। समता साहित्य अकादमी भारत द्वारा आयोजित इस भव्य समारोह में उन्हें त्रिपुरा के मंत्री बिकास देब बरमा और पूर्व केंद्रीय मंत्री भजमन बेहरा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों के हाथों यह सम्मान प्राप्त हुआ।

**समाज सेवक की भी पहचान:** शिक्षण के साथ-साथ धनेश रजक एक सक्रिय समाज सेवक भी हैं। वे अपनी स्कूल के अलावा आंगनबाड़ियों में भी ट्रैक सूट, बेल्ट-टाई और स्टेशनरी का दान करते हैं। वे नियमित रक्तदान भी करते हैं और बच्चों को अपने खर्च पर शैक्षणिक भ्रमण और आयोजनों में ले जाते हैं। उनके प्रयासों से स्कूल में बच्चों की उपस्थिति और अनुशासन में भारी सुधार देखा गया है, जिसकी सराहना पूर्व कलेक्टर रणवीर शर्मा भी कर चुके हैं। राष्ट्रीय सम्मान मिलने पर धनेश रजक ने कहा, यह 20 वर्षों की सेवा का प्रतिफल है। इस सम्मान ने मेरी जिम्मेदारी और बढ़ा दी है। मैं इसका श्रेय अपने विद्यार्थियों, पालकों और उच्च अधिकारियों को देता हूं।

उनकी इस उपलब्धि पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी निलेश चंद्रवंशी, बीआरसीसी बी.डी. बघेल, सरपंच गिरधारी निर्मलकर सहित शिक्षा विभाग और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।




### स्कूल को बनाया स्मार्ट और हरा-भरा

धनेश रजक ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा और निजी खर्च से स्कूल की सूरत बदल दी है। उन्होंने स्वयं के खर्च से दर्जनों पौधे लगाए, जो आज वृक्ष बनकर बच्चों को छांव दे रहे हैं।जनसहयोग (क्राउडफंडिंग) के माध्यम से स्कूल में ग्लास स्लाइडर खिड़कियां, स्टील रेलिंग, साउंड बॉक्स, इलेक्ट्रॉनिक बेल और स्मार्ट क्लास जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराईं। एक कुशल तबला वादक होने के नाते वे बच्चों को संगीत और वाद्ययंत्रों के माध्यम से पाठ कंठस्थ कराते हैं।

## खबर संक्षेप



### सड़क नव निर्माण का महापौर ने भूमिपूजन कर निर्माण कराया शुरू

**दुर्ग।** महापौर अलका बाघमार ने लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर के साथ वार्ड 15 में नाला से लेकर एप्रोज रोड तक चल रहे सड़क डामरीकरण कार्य का पूजा अर्चना कर कार्य का शुभारंभ कराया। लागत 30.54 लाख से डामरीकरण सड़क नव निर्माण कर किया जा रहा है। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि इसके पूरे हो जाने से जनता को बेहतर सड़क उपलब्ध होगी। निरीक्षण के दौरान महापौर ने सड़क की मजबूती मोटाई एवं उपयोग में लाई जा रही सामग्रियों एवं मशीनों की कार्यक्षमता का अवलोकन करते हुए साथ चल रहे अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कार्य कर रहे ठेकेदार एवं अधिकारियों से निर्धारित समय पर गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा कर लेने के निर्देश दिये। इस मौके पर महापौर अलका बाघमार के साथ लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, पार्षद युवराज कुंजाम सुरुचि उमरे, उपअभियंता मोहित मरकाम, पंकज साहू एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### दिसंबर तक टैक्स जमा करने पर मिलेगी 2% छूट

**दुर्ग।** निगम ने नागरिकों को बड़ी राहत देते हुए प्रॉपर्टी टैक्स पर 2 प्रतिशत की छूट का लाभ देने की घोषणा की है। यह छूट सिर्फ अंतिम 5 दिनों के लिए उपलब्ध है। निर्धारित समय सीमा के भीतर टैक्स जमा करने पर नागरिक बचत का लाभ उठा सकेंगे। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने बताया कि समय पर टैक्स जमा करने से शहर के विकास कार्य सफाई व्यवस्था, सड़क मरम्मत, लाइट व्यवस्था और अन्य नागरिक सुविधाओं के लिए धन उपलब्ध होता है।

### छग सर्व समाज संगठन का हुआ शपथ ग्रहण



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन का चुनाव मुख्य चुनाव प्रेमचंद देवांगन एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. भूपेन्द्र कुलदीप की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें प्रांतीयकारिणी में प्रांताध्यक्ष मेघनाथ यादव, उपाध्यक्ष संतकुमार केशकर, महामंत्री लखन लाल साहू, कोषाध्यक्ष जीवन सिन्हा, सचिव अशोक कुमार साहू को नियुक्ति पत्र सौंपकर नवनियुक्ति प्रांतीयकारिणी को शपथ ग्रहण कराया गया, पश्चात नव नियुक्ति अध्यक्ष द्वारा प्रांतीय कार्यकारिणी का विस्तार करते हुये ब्रम्हदेव पटेल को प्रदेश संयोजक, प्रदेश उपाध्यक्ष भोजराम डढसेना, अनुरूप साहू, धनश्याम कुमार देवांगन, बेनीराम पटेल, आनंद राम सिन्हा, गैंद लाल वर्मा, प्रेम लाल सिन्हा, प्रदेश प्रवक्ता, वरिष्ठ सलाहकार रमेश साहू, प्रदेश सलाहकार, डॉ. डीपी देशमुख प्रदेश मीडिया प्रभारी, भानु प्रताप यादव प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश मिडिया प्रभारी सहसचिव, डॉ. कृष्ण कुमार पाटिल प्रदेश अध्यक्ष सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रकोष्ठ, सुमन देवांगन प्रदेश संयोजिका आदि बनाए गए।

## जयंती : विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल

# विद्यानगर व बसनी में धूमधाम से मनी गुरु घासीदास जी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना से परिपूर्ण कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत ग्राम खमतराई में आयोजित भव्य कबड्डी प्रतियोगिता एवं मंडई मेला तथा रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी लोककला मंच कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू सम्मिलित हुए 1 इस सांस्कृतिक संध्या में अनुराग धारा स्वर एवं कवयित्री कविता वासनिक तथा हिमानी वासनिक (राजनांदगांव) की मनमोहक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने ग्राम पंचायत बसनी की सरपंच की मांग पर कहा कि ग्राम के विकास से संबंधित मांगों पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कराए जाने का आश्वासन दिया गया। वही विधायक साहू ग्राम खमतराई मे खेल प्रतिभा एवं सांस्कृतिक चेतना को सराहनीय बताया गया। इसी क्रम में परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की 269वीं जयंती के पावन अवसर पर बेमेतरा नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक–02, विद्यानगर एवं ग्राम बसनी में जयंती कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुए।

**गुरु घासीदास जी का संदेश सत्य, अहिंसा और समानता पर आधारितः**




**नपाध्यक्ष :** इस दौरान कार्यक्रम मे नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने "जय बाबा गुरु घासीदास" के जयघोष के साथ अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी का संदेश सत्य, अहिंसा और समानता पर आधारित है, जो आज भी समाज को सही दिशा देता है। उन्होंने कहा कि बाबा जी ऐसे महान संत हैं जिनकी जयंती केवल एक दिन नहीं, बल्कि महीनों तक श्रद्धा के साथ मनाई जाती है। उन्होंने समाज को नशाखोरी जैसी कुरीतियों से दूर रहकर सत्य के मार्ग पर चलने की अपील की। कार्यक्रम में बालक-बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत पंथी नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना भी की गई।


### बाबा के आदर्शों पर चलकर ही सशक्त समाज का निर्माण संभव

विधायक दीपेश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी के आदर्शों पर चलकर ही एक समरस, न्यायपूर्ण और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार "सबका साथ–सबका विकास" के संकल्प के साथ कार्य कर रही है और सतनामी समाज के युवाओं, महिलाओं एवं बच्चों के विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। उन्होंने शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया किअनुसूचित जन जाति के बच्चों को उच्च शिक्षा, विशेषकर पायलट बनने की तैयारी कर रहे बच्चों के लिए सरकार द्वारा 15–15 लाख रुपये तक की सहायता का प्रावधान किया गया है, ताकि समाज के बच्चे आगे बढ़ें और अपने सपनों को साकार कर सकें। कार्यक्रम सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक गरिमा और श्रद्धा के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुए।

### ये रहे उपस्थित

विद्यानगर कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने की। साथ मे पार्षद रीता पाण्डेय, गौरव साहू, भाजपा नेता हर्षवर्धन तिवारी, समाजसेवक राजेश शर्मा, गेंदलाल चतुर्वेदी, हरीबांधे, लखन लाल रात्रे, माखन अनंत, संतोष रात्रे, देवनाग बांधे, सूरज लाल, मिथलेश मांडले, महादेव कौशल, संतोष बघेल, विक्की टोंद्रे, प्रकाश अनंत, तारण नवरंगे सहित समस्त सतनामी समाज के पदाधिकारी, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने सतनाम धर्म के प्रतीक जैतखाम एवं बाबा गुरु घासीदास जी के छायाचित्र पर विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई।

## बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने सांस्कृतिक आयोजनों की अहम भूमिका : गजेन्द्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

▪ दुर्ग पब्लिक ने धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

दुर्ग पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल साईं नगर और दुर्ग पब्लिक स्कूल बजरंग नगर ने कुशा भाऊ ठाकरे भवन, आदित्य नगर में हर्षोउल्लास के साथ वार्षिक उत्सव मनाया। मुख्य अतिथि मंत्री गजेन्द्र यादव थे। अन्य अतिथि के रूप में देवा एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष केएफ फारूखी और सचिव डॉ. संतोष सार भी मौजूद थे।

अतिथियों ने अपने उद्बोधन में बच्चों को अपने प्रतिभा और पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। मंत्री गजेन्द्र यादव ने स्कूल के कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय का वार्षिक उत्सव केवल एक सांस्कृतिक कार्यकम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच देने उनका आत्मविश्वास बढ़ाने तथा उन्हें जिम्मेदार और संस्कारित नागरिक बनाने की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण आधार होता है। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर स्कूल की संचालिका सरूपा गुप्ता द्वारा बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई। प्राचार्या रूही देवांगन ने स्कूल की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। दूसरी शाखा बजरंग नगर की प्रधान पाठिका अनिता साहू ने भी स्कूल की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। प्रधानपाठिका प्रीति अजमानी ने मंच का संचालन किया।

## मध्य ब्लॉक कांग्रेस ने नवनियुक्त अध्यक्ष बाकलीवाल का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

▪ मासिक बैठक राजीव भवन में आयोजित

जिला कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल का मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सम्मान किया। राजीव भवन शनिचरी बाजार में आयोजित बैठक में उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, ब्लॉक अध्यक्ष अध्यक्ष अलताफ अहमद, महामंत्री अनूप वर्मा विशेष रूप से उपस्थिति थे। बैठक में एसआईआर के बाद नई मतदाता सूची का वितरण वार्ड प्रभारी बूथ प्रभारियों को किया गया। निर्देश दिए गए कि मतदाता सूची गहन अध्ययन कर छूटे हुए नाम को मतदाता सूची में जोड़वाया जाए। बैठक में कई अन्य विषयों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पार्षद अश्विनी निषाद, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुमित घोष, पूर्व पार्षद भोला महोबिया, अशोक मेहरा, राजकुमार वर्मा,शत्रुघन चक्रधारी, गणेश सोनी, डोमार सिंह राजपूत, भीमसेन, चंद्रशेखर पारख, प्रकाश शिवनकर, मनोज सिन्हा, कल्याण सिंह ठाकुर, संजय ताम्रकार, पाशी अली, आनंद कपूर ताम्रकार, अली असगर उपस्थित थे।

## गूगल हैकाथॉन में छात्रों ने दिखाया नया मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शहरों में पार्किंग की समस्या को कम करने के लिए अब नई जगह तलाशने या महंगी बहुमंजिला पार्किंग बनाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। लोगों के घरों के आसपास मौजूद खाली प्लॉट, खुले परिसर और उपयोग में न आ रही ज़मीन को ही पार्किंग में बदला जा सकेगा। वाहन खड़ा करने वाले लोग तय समय के अनुसार शुल्क देकर वहां पार्क कर सकेंगे। इसके लिए छात्रों ने एक विशेष वेबसाइट तैयार की है, जिसमें शहर के सभी खाली प्लाटों का विवरण मौजूद है।

रविवार को रुंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में आयोजित गूगल डेवलपर ग्रुप के सहयोग से कराए गए हैकाथान के दौरान छात्रों ने इसका डेमो दिया। छात्रों ने ऐसा मॉडल तैयार किया है, जिसमें शहर के अलग-अलग इलाकों में मौजूद



खाली जगहों को चिन्हित कर उन्हें व्यवस्थित पार्किंग के रूप में जोड़ा जा सकता है। इससे बाजार, अस्पताल, कार्यालय और रिहायशी इलाकों के आसपास अव्यवस्थित तरीके से खड़े वाहनों पर रोक लग सकेगी।

छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और भिलाई जैसे शहरों में वाहन संख्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में सड़क किनारे बेतरतीब पार्किंग आम समस्या बन चुकी है। लोग कई-कई मिनट तक वाहन खड़ा करने की जगह तलाशते रहते हैं, जिससे जाम की स्थिति बनती है और यातायात प्रभावित होता है। छात्रों की इस व्यवस्था में पहले से यह पता चल सकेगा कि किस इलाके में कितनी जगह उपलब्ध है और वहां वाहन खड़ा किया जा सकता है या नहीं। कार्यक्रम में करीब 35 टीमों ने भाग लिया, जिनमें रुंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के साथ-साथ अन्य कॉलेजों के छात्र भी शामिल रहे। इन्हीं टीमों में से एक टीम ने शहरों में बढ़ती पार्किंग समस्या को ध्यान में रखते हुए एक विशेष पार्किंग मॉडल विकसित किया। लगातार दो दिन 24 घंटे चले नॉनस्टॉप कोडिंग राउंड के बाद बच्ची टीमों में प्रतिस्पर्धा हुई।

### निकायों में आप ने की प्रभारियों की नियुक्ति

दुर्ग। आम आदमी पार्टी ने आगामी निकाय चुनाव को लेकर प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। प्रदेश महासचिव वद्दूद आलम ने कहा कि प्रदेश में बोदरी और कई वार्डो के जीत के बाद 2026 के नवम्बर में होने वाले चुनाव को लेकर प्रदेश के साथ- साथ भिलाई, रिसाली, भिलाई- चरोदा व जामुल के चुनाव की तैयारी को लेकर प्रभारियों की घोषणा कर दी है। भिलाई के लिए डॉ. एसके अग्रवाल, रिसाली संजीत विश्वकर्मा, भिलाई-चरोदा देविंदर सिंह भाटिया, जामुल के लिए अजय रामटेके को जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा है कि पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव व प्रदेश प्रभारी डॉ. संदीप पाठक व प्रदेश सह प्रभारी मुकेश अहलावत ने निकाय चुनाव को मजबूती से लड़ने की तैयारी को लेकर बैठक की थी, जिसमें प्रदेश के पदाधिकारियों को निकाय चुनाव की तैयारी में जुट जाने को निर्देशित किया था।

## जू-जित्सु में जिले को 4 ब्रांज, एसएसपी ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

उत्तराखंड के हल्द्वानी शहर में 5 दिवसीय जू-जित्सु नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल छत्तीसगढ़ से 90 प्रतिभागी ने भाग लिया था। जिसमें दुर्ग शहर से सात बच्चों ने जू-जित्सु मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में भाग लेकर चार ब्रांच मेडल 1 सिल्वर मैडम प्राप्त किए जिसमें काव्या विश्वकर्मा अंडर 16 वेट कैटेगरी फाइटिंग सिस्टम में ब्रॉन्ज मेडल एवं नेवाजा में कड़ी टक्कर के साथ फाइनल में कुछ कम अंक से हार कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। वही रुचिका देवांगन ने अंडर 12 वेट कैटेगरी में



शानदार फाइट कर फाइटिंग सिस्टम में ब्रॉन्ज मेडल एवं नेवाजा में भी ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए अमन चंदेल ने अंडर 17 में नेवाजा में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए।

इस तरह दुर्ग जिला को कुल 4 ब्रॉन्ज मेडल 1 सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ। दुर्ग जिला के इस उपलब्धि पर दुर्ग एसपी विजय अग्रवाल से मुलाकात कर सभी बच्चों को मेडल सर्टिफिकेट पहनाकर सम्मानित किया गया। जू-जित्सु एसोसिएशन ऑफ दुर्ग के जिला सेक्रेटरी देवा साहू ने बताया कि यहां बच्चे पिछले 3 वर्षों से हनुमान नगर वार्ड नंबर 21 एवं वार्ड नंबर 11 आशीष इन्फोटेक में सुबह शाम मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग लेते हैं। बच्चों के इस कामयाबी पर जू-जित्सु एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के महासचिव राणा अजय सिंह वार्ड नंबर 11 के पार्षद आशीष चंद्राकर वार्ड नंबर 21 के पार्षद विद्यावती सिंग हर्ष सुरभि नहर नाहर संजय साहू, अरुण सिंह ने बधाई दी एवं सभी बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना किए।

## भिलाई बंगाली समाज ने की तैयारियों की समीक्षा

# नववर्ष पर शुरू होगा सांस्कृतिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नववर्ष की शुरुआत के साथ ही भिलाई बंगाली बीबीएस समाज द्वारा विविध सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

▪ नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर 23 को प्रभातफेरी

आयोजन की तैयारियों को लेकर समाज के पदाधिकारियों की बैठक सेक्टर 7 स्थित सामाजिक भवन में हुई, जिसमें कार्यक्रमों के संचालन से जुड़ी जिम्मेदारियां तय की गईं।

रविवार को हुई बैठक में समाज पदाधिकारियों ने बताया कि स्वामी



विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में बीएसपी के आदर्श मिडिल स्कूल सेक्टर 7 में ऑल छत्तीसगढ़ ओपन बंगाली संगीत प्रतियोगिता का आयोजन 10 और 11 जनवरी को शाम 4.30 बजे से किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को चार कैटेगरी में रखा गया है।

ग्रुप ए में कक्षा दूसरी से पांचवीं तक, ग्रुप बी में कक्षा छठवीं से आठवीं तक, ग्रुप सी में कक्षा नौवीं से ग्यारहवीं तक और ग्रुप डी में कक्षा बारहवीं से उच्च आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल हो सकेंगे। यह आयोजन लगातार 16वें वर्ष हो रहा है। प्रतियोगिता में रबीन्द्र संगीत, आधुनिक गीत, भक्तिगीत, लोकगीत और नजरूल गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### 22 व 23 को फूड फेस्टिवल

22 और 23 जनवरी को सिविक सेंटर स्थित ओपन एयर थियेटर में फूड फेस्टिवल के साथ दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती के अवसर पर सेक्टर 7 से प्रभात फेरी निकाली जाएगी। बैठक में आयोजनों को सफल बनाने के लिए वरिष्ठजनों द्वारा जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में सुबिर चन्द्र रॉय, सुबिर भट्टाचार्य, अमिताभ दास, अमित वर्मन, उज्ज्वल मजुमदार, आकाश मांझी, सुभाशीष डे, सुब्रत गुहा रॉय सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ और युवा सदस्य मौजूद थे।

## तालपुरी बी ब्लॉक में एक और कॉलोनी के खिलाफ लोगों में आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

▪ हाउसिंग बोर्ड के फैसले का कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग

तालपुरी बी ब्लॉक में प्रस्तावित एक और आवासीय परिसर तथा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इसी तारतम्य में कॉलोनीवासियों ने लामबंद होकर इसके विरोध में हाउसिंग बोर्ड के संपदा और जनसूचना अधिकारी आरके गोडबोले तथा अपर आयुक्त आरके राठौर को ज्ञापन सौंपा। निवासियों ने पिछले दिनों हाउसिंग बोर्ड के इस एकतरफा फैसले के खिलाफ कलेक्टर अभिजीत सिंह से हस्तक्षेप करने की मांग की थी। इसके अलावा विधायक ललित चंद्राकर के सामने भी लोगों ने प्रस्तावित योजना पर अमल रोकने की गुहार की थी। ब्रोशर का हवाला देते हुए लोगों ने संपदा अधिकारी को बताया कि यह डेढ़ एकड़ भूमि व्यावसायिक उपयोग के लिए है, जिसका टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट ने अनुमोदन भी किया है, लेकिन बोर्ड ने अपने विज्ञापन में भूमि को आवासीय बताते हुए प्रकोष्ठ भवनों के निर्माण का



प्रस्ताव किया है। लोगों ने बताया कि यह कॉलोनी पहले ही अपर्याप्त जलापूर्ति, सीवरेज, सुरक्षा, अव्यवस्थित गार्डन एवं बिजली की समस्या से जूझ रही है। इन सबके बावजूद हाउसिंग बोर्ड द्वारा एक और आवासीय परिसर, कार्यालय और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाने से मौजूदा ढांचा और भी चरमरा जाएगा। हाउसिंग बोर्ड की योजना के अनुसार जूनियर एमआईजी फ्लैट के 12 मकान, सीनियर एमआईजी फ्लैट के 72 मकान, जबकि जूनियर एमआईजी ब्लॉक के अंतर्गत 72 मकान बनाना प्रस्तावित है। इस तरह 156 मकान बनाए जाएंगे। वहीं 21 दुकानें और 8 हॉल बनाना भी तय किया जा चुका है। ज्ञापन सौंपने वालों में एसोसिएशन के अध्यक्ष कुबेर देशमुख, ओपी मिश्रा, टी सहदेव, गिरिराज देशमुख, काशीराम देशमुख, लोकेश कुमार और जीसी बर्मन शामिल हैं।

### मोहल्ला क्रिकेट स्पर्धा में वार्ड 13, 32 और 15 की टीमों ने दर्ज की जीत

**दुर्ग।** स्वर्गीय कृष्णा चौधरी स्मृति रात्रिकालीन मोहल्ला क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पहला मैच वार्ड 24 हाउसिंग बोर्ड और वार्ड 13 कोहका के बीच खेला गया।

वार्ड 13 ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। वार्ड 24 की ओर से शिव ने 15 और अभय ने 10 रन बनाए, जिसकी मदद से टीम ने 8 ओवर में 85 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए वार्ड 13 कोहका की टीम ने दमदार बल्लेबाजी की। संदीप ने 36 और रिकी ने 18 रन बनाकर टीम को 7 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर जीत दिलाई। दूसरा मैच वार्ड 28 प्रेम नगर और वार्ड 9 राजीव नगर के बीच खेला गया।

## खबर संक्षेप

### बाबा ने दिया सत्य और सदभाव का संदेश



**सड़क अतरिया।** ग्राम बेलगांव में शनिवार को गुरु घासीदास की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह थे। कार्यक्रम का शुभारंभ जैत खाम की पूजा-अर्चना से हुआ। इसके पश्चात श्री सिंह ने जैतखाम में झंडा फहराया। इस मौके पर श्री सिंह ने गुरु घासीदास के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने सत्य, अहिंसा और मानवता के मार्ग पर चलने का संदेश देते हुए कहा कि गुरु घासीदा के आदर्श आज भी समाज को सही दिशा दिखाने वाले हैं। इस अवसर पर गंडई मंडल भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर, नर्मदा मंडल अध्यक्ष आनंद पटेल, किशुन मिर्चे, डोमार भेड़िया, भीखू हिरवानी, अवधेश मिश्रा, सुमन पाटले, बालकिशन जंघेल, प्रकाश जंघेल सहित अन्य उपस्थित थे।

### स्पर्धा में वार्ड तीन की टीम विजेता

**मुसरा।** ग्राम भानपुरी में गत दिनों क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ग्राम के रोशन वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7001 रूपए वार्ड नं 3, द्वितीय 5001 रूपए वार्ड 8 एवं तृतीय पुरस्कार 3001 रूपए वार्ड नं 6 की टीम को मिला।प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया।

### बाल विवाह पर रोक की शपथ

**जेवरतला रोड।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने बाल विवाह पर अंकुश लगाने के लिए उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में शपथ कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में प्राचार्य आरके देवांगन ने बाल विवाह को सामाजिक बुराई बताते हुए कहा कि प्रतिबंध होने के बावजूद प्रतिवर्ष लाखों लड़कियों और लड़कों का विवाह हो रहा है जिसके गंभीर परिणाम भविष्य में भुगतना पड़ता है। उन्होंने इस कुप्रथा को जड़ से खत्म करने का आव्हान किया। व्याख्याता अजय पाठक नव्विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, पवन सिन्हा, हेपशीबा एंथोनी, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, सीपी सोनबोईर, अनुराधा खरे, बिंदु पटेल आदि उपस्थित थे।

### घासीदास ने दिखाया सत्य की राह

**छुरिया।** शिकारीमहका में गुरु घासीदास की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, कुंदन बडोले, राजेश्वर ध्रुवे, विमला सिन्हा, मनोहर कोठारी शामिल हुए। कार्यक्रम में श्री सिन्हा ने कहा कि गुरू घासीदास ऐसे महान संत थे जिन्होंने सत्य, अहिंसा, समानता और मानवता का मार्ग दिखाया। उनका पूरा जीवन दलित, वंचित और शोषित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। श्री ध्रुवे ने भी अपने विचार रखा। इस अवसर पर संदीप साहू, दिनेश साहू,पवन खिलाड़ी, दयादास, बैसाखू सिन्हा, मयाराम सिन्हा, संतराम, गोविंद, माखन देशलहरे सहित बड़ी संख्या समाजिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

---

बैठक

36 आवेदनों पर त्वरित एवं संवेदनशील निराकरण के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने साप्ताहिक जनचौपाल में सुनी आमजन की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



■ जनदर्शन को बनाया जनसमस्या समाधान का सशक्त माध्यम

नवनियुक्त कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने सोमवार को कलेक्टोरेट परिसर के दृष्टि सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के दूर-दराज अंचलों से आए नागरिकों, ग्रामीणजनों एवं जनप्रतिनिधियों की मांगों, समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने जनचौपाल में प्राप्त सभी आवेदनों का नियमानुसार त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। कलेक्टर सुश्री ममगाईं ने जनचौपाल में उपस्थित आवेदकों से संवाद करते हुए कहा कि जनदर्शन शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है, जहां आम नागरिक अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकता है।

उन्होंने प्रत्येक आवेदन को बारी-बारी से स्वयं प्राप्त कर आवेदकों को उनके प्रकरणों की प्रक्रिया, नियमानुसार समाधान एवं समय-सीमा के संबंध में अवगत कराया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर गंभीरता से लेकर समयबद्ध निराकरण किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

जनचौपाल में कुल 36 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें प्रमुख रूप से धान खरीदी, राजस्व प्रकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना, पर्यावरण संरक्षण, फसल क्षति, निर्माण अनुमति, सामाजिक भवन, खेल मैदान से अतिक्रमण हटाने एवं विभिन्न विकास कार्यों से संबंधित विषय शामिल रहे। जनचौपाल में ग्राम पंचायत जिया के रामकुमार वर्मा ने धान खरीदी केन्द्र जिया में प्रतिदिन धान खरीदी क्षमता बढ़ाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। वार्ड क्रमांक 06 मोहभट्ठा निवासी तुलसी राम, महेश निर्मलकर एवं सुशीला ने धान विक्रय हेतु रिकार्ड दुरुस्त कराने के संबंध में आवेदन दिया। सहयोग संस्था बेमेतरा के अध्यक्ष डॉ. सुभाष चौबे ने मोहभट्ठा गार्डन के पास स्थित बरगद के वृक्ष के संरक्षण के संबंध में आवेदन देकर पर्यावरण संरक्षण की मांग रखी।

**कई मामलों पर आए आवेदन :** ग्राम परपोड़ा निवासी लाला निषाद एवं गोपी राम निर्मलकर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अस्वीकृत आवेदन को स्वीकृत करने के संबंध में आवेदन दिया। वहीं ग्राम परपोड़ा के लगभग 14 पात्र हितग्राहियों ने पात्र होने के बावजूद प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई। डॉ. अवधेश पटेल ने बेमेतरा जिले में केंद्र सरकार की ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर योजना को शीघ्र स्वीकृत कर क्रियान्वयन किए जाने हेतु आवेदन दिया। ग्राम पंचायत पतोरा के सरपंच ने निरस्त किए गए विकास कार्यों को पुनः प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया।

छत्तीसगढ़ आदिवासी समाज के अध्यक्ष ने नगर पंचायत दाढ़ी स्थित राजाबाड़ा के जीर्णोद्धार कार्य में कथित अनियमितताओं की जांच कर कार्य पूर्ण कराने की मांग की। कन्नौजिया स्वर्णकार समाज बेमेतरा के अध्यक्ष ने समाज हेतु सामुदायिक एवं सांस्कृतिक भवन निर्माण से संबंधित लंबित प्रकरण के शीघ्र निराकरण के लिए आवेदन दिया। इसके अतिरिक्त, ग्राम जामगांव निवासी सदाराम साहू ने मकान निर्माण की अनुमति प्रदान करने हेतु आवेदन दिया। ग्राम लोधीकांपा निवासी रजनीकांत ने बिना आदेश खेत में ट्रैक्टर चलाकर फसल नष्ट करने वालों पर कार्रवाई की मांग की। ग्राम पदमी स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 02 के आसपास के खेल मैदान से बेजा कब्जा हटाए जाने के संबंध में भी आवेदन प्राप्त हुआ।

### विभागों को दिए गए मामलों के नियमानुरूप निराकरण के निर्देश

कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने सभी प्रकरणों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का निराकरण शासन के नियमों के अनुरूप, समय-सीमा में एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए तथा आवेदकों को की गई कार्रवाई की जानकारी भी दी जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और जनदर्शन इसके लिए एक मजबूत मंच है।जनचौपाल में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने मौके पर ही कई प्रकरणों की जानकारी लेकर आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ की। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे ।

---

# शिको काई कराते इंटरनेशनल छग की गवर्नेंस बॉडी की हुई बैठक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शिको काई कराते इंटरनेशनल इंडिया की छत्तीसगढ़ प्रदेश गवर्नेंस बॉडी की एक महत्वपूर्ण बैठक भिलाई में सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2025 में आयोजित प्रतियोगिताओं एवं सेमिनारों की समीक्षा करना तथा संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ बनाना रहा। बैठक में जिला स्तरीय स्टाइल की मान्यता, उनके कार्यों एवं संगठनात्मक अनुशासन पर विस्तृत चर्चा की गई।

गवर्नेंस बॉडी ने स्पष्ट निर्णय लिया कि बिना अनुमति एवं गैर-मान्यता प्राप्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों अथवा पदाधिकारियों पर नियमानुसार प्रतिबंध (बैन) लगाया जाएगा, जिससे कराते खेल की गरिमा एवं अनुशासन बनाए रखा जा सके। इसके साथ ही वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की कराते प्रतियोगिताओं की तैयारियों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन हेतु तकनीकी मानक, रेफरी व्यवस्था, प्रशिक्षण शिविर, चयन प्रक्रिया तथा खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए विशेष योजनाओं पर भी चर्चा हुई।

### बैठक में हुई आय-व्यय विवरण की समीक्षा

बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्यय विवरण की समीक्षा की गई। संगठन की आर्थिक पारदर्शिता, बजट प्रबंधन एवं संसाधनों के बेहतर उपयोग को लेकर सदस्यों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में प्रमुख अतिथि के रूप में बी.बी. नायडू, कार्यकारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन उपस्थित रहे। वहीं जी. अमर (उपाध्यक्ष), अशोक सिन्हा (संयुक्त सचिव), अजय वर्मा (कार्यकारिणी सदस्य) छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। इसके अलावा प्रदेश के विभिन्न जिलों से संदीप ताम्रकार, हरिशंकर साहू, देवराज धनकर, आनंद कुमार वैष्णव, योगेश्वर मानिकपुरी, राजेश सारथी, ललित पठारी, रिया साहू, सपना श्रीवास, ललित साहू, नारायण ठाकुर, सागर साहू, शशांक जाटव, चिराग वर्मा, जयंत नायडू, गोपाल कुमार, नागेंद्र सिन्हा, आदित्य तिवारी, हेमंत चक्रधारी, गोविंद राम, वी. उमामहेश्वर एवं मोहन लहरी सहित अनेक पदाधिकारी एवं प्रशिक्षक उपस्थित रहे। बैठक के अंत में संगठन को और अधिक मजबूत, अनुशासित एवं खेलोन्मुख बनाने के संकल्प के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

---

# खमतराई में भव्य कबड्डी स्पर्धा व मंड़ई मेला सम्पन्न



**बेमेतरा/बेरला।** ग्राम खमतराई (बेरला) में एक दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय भव्य कबड्डी प्रतियोगिता एवं पारंपरिक मंड़ई मेला का आयोजन हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। खेल एवं सांस्कृतिक आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं युवा उपस्थित रहे।

इस आयोजन में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन युवा आदर्श क्लब एवं समस्त ग्रामवासी खमतराई के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। वहीं अनुराग धारा छत्तीसगढ़ लोक कला मंच की शानदार प्रस्तुति ने आयोजन को और अधिक आकर्षक बना दिया। कबड्डी प्रतियोगिता में दिखा जोश और जज्बा कबड्डी प्रतियोगिता में आसपास के गांवों से आई टीमों ने अपने दमखम, रणनीति और खेल कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। मैदान में खिलाड़ियों का उत्साह, दर्शकों की तालियों और जयकारों से माहौल पूरी तरह खेलमय बना रहा।

मंड़ई मेले में पारंपरिक खानपान, ग्रामीण संस्कृति और लोक रंगों ने पूरे आयोजन को जीवंत कर दिया। योगेश तिवारी ने किया पुरस्कार वितरण भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया और उज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अवधेश चंदेल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### कबड्डी हमारी मिट्टी और संस्कारों का खेल है: योगेश तिवारी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने कहा कबड्डी केवल एक खेल नहीं, बल्कि हमारे गांव, हमारी मिट्टी और हमारी संस्कृति से जुड़ा हुआ खेल है। यह खेल युवाओं में अनुशासन, साहस, टीम भावना और आत्मविश्वास पैदा करता है। आज के डिजिटल युग में ऐसे ग्रामीण खेलों को जीवित रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि खेलकूद से युवाओं का शारीरिक व मानसिक विकास होता है और जो युवा मैदान में मेहनत करना सीखता है, वही जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करता है। ऐसे आयोजन युवाओं को गलत रास्तों से दूर रखकर सकारात्मक दिशा देने का कार्य करते हैं। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ गांवों में आपसी भाईचारा, एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में प्रदीप राजपूत, पुरुषोत्तम यादव, अजय साहू, पितांबर साहू, सरपंच पहलाद सारथी, उपसरपंच लोकेश यादव, सुमन पाटिल (सरपंच), पंचगण, ग्रामीणजन एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

---

# स्टार 11 पचभैया ने खंडसरा टाइगर को हराकर जीता खिताब



**बेमेतरा।** ग्राम पचभैया में शीतकालीन सत्र के दौरान आयोजित बाल क्रीड़ा टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच स्टार 11 पचभैया और खंडसरा टाइगर के बीच खेला गया। स्टार 11 पचभैया ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया और खंडसरा टाइगर को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। खंडसरा की टीम निर्धारित 10 ओवर में 93 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए पचभैया की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और 10 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर फाइनल मुकाबला जीत लिया। टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए टिकेंद्र चंद्राकर को मैन ऑफ द सीरीज तथा फाइनल मैच में शानदार खेल के लिए किरण साहू को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता से संबंधित संपूर्ण जानकारी भूपेंद्र कन्नौजे एवं ब्यास चंद्राकर द्वारा दी गई। आयोजन के सफल संचालन पर खिलाड़ियों, आयोजकों और ग्रामीणों में उत्साह का माहौल रहा।

---

# क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल हुए आशीष छाबड़ा, खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

**बेमेतरा।** नगर पंचायत बेरला एवं ग्राम करेली में आयोजित क्रिकेट खेल प्रतियोगिता में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए आशीष छाबड़ा ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। किसी न किसी रूप में हर व्यक्ति अपने जीवन में खेल से जुड़ा होता है। खेल न केवल शारीरिक विकास में सहायक होते हैं, बल्कि इसके माध्यम से सांस्कृतिक आदान-प्रदान, अनुशासन और सामाजिक समरसता की भावना भी विकसित होती है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। मैदान में खेलते युवाओं को देखकर उन्हें भी अपने स्कूल जीवन की यादें ताजा हो गईं, जब वे स्वयं क्रिकेट खेला करते थे। उन्होंने युवाओं से खेल के साथ-साथ शिक्षा और अनुशासन पर भी विशेष ध्यान देने की अपील की। इस



अवसर पर रवि परगनिहा, राजेश दुबे, भारत भूषण साहू, रास बिहारी कुर्रे, पी.आर. सिन्हा, जितेंद्र जोशी, राम सिंह गायकवाड़, अमरनाथ साहू, शिबू टेकराम, कोमल दयानंद, गुलशन, प्रीतम, राज टिकेश, जयप्रकाश, किशन, प्रवीण, दिनेश, कुशल, टिकेश्वर, उपेंद्र, राहुल, ओमकार, उमेश, अजय, रोशन सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन खेल भावना और उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ।

---

# बेटियों को शिक्षा, स्वास्थ्य व सुरक्षा देकर सशक्त बनाना ही अभियान का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ शासकीय हाई स्कूल गोपालपुर में आशा जागरूकता शिविर का आयोजन

शासकीय हाई स्कूल गोपालपुर विकासखंड साजा में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा माननीय अध्यक्ष/प्रधान जिला न्यायाधीश सरोज नन्द दास के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा अनिता कोशिमा रावटे के निर्देशन में नालसा द्वारा प्रकाशित नालसा (आशा – जागरूकता, समर्थन, सहायता और कार्रवाई) अंतर्गत बाल विवाह उन्मूलन हेतु 100 दिवसीय अभियान 2025 के तहत आशा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बेटियों को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा उपलब्ध कराकर उन्हें सशक्त बनाना है, ताकि बाल विवाह जैसी गंभीर सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त किया जा सके। शिविर में बताया गया कि बेटियों की शिक्षा में निरंतरता, कौशल विकास, श्रम बल में सहभागिता, पोषण, प्रजनन स्वास्थ्य, समग्र स्वास्थ्य देखभाल, सुरक्षा व संरक्षा (तस्करी रोधी उपाय), सामाजिक सुरक्षा, खेल एवं नेतृत्व में भागीदारी जैसे प्रयास बाल विवाह की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




नालसा की योजनाओं की दी गई जानकारी

कार्यक्रम के दौरान नालसा की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के अंतर्गत निःशुल्क कानूनी सहायता, नालसा टोल फ्री नंबर 15100, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना, बाल श्रम निषेध अधिनियम 1986, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, सायबर अपराध, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, नालसा नशा मुक्त भारत योजना 2025 तथा हिट एंड रन स्कीम 2022 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

### इनकी सहभागिता रही अहम

इसके साथ ही जनचेतना (यूट्यूब चैनल) के माध्यम से विधिक सहायता संबंधी जानकारी के प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम में अधिकार मित्र के रूप में धरमू बारले (थाना थानखम्हरिया), पंकज घृतलहरे (थाना नांदघाट), संजीव शर्मा (थाना दाढ़ी) एवं स्वाति कुंजाम (थाना बेमेतरा) की सहभागिता रही। शिविर में शासकीय हाई स्कूल गोपालपुर के प्रभारी प्राचार्य विनोद कुमार शर्मा, शिक्षक बिसेन सिंह राजपूत, लालाराम कश्यप, राजाराम साहू, संजय कुमार पांडेय, व्याख्याता उदयपाल वर्मा, मोहन दास बंजारे सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 47 बालिकाएं एवं 35 बालक, कुल 82 विद्यार्थी शामिल हुए।

---

तीन सत्रों में सामाजिक, शैक्षणिक व पारिवारिक मुद्दों पर हुआ मंथन

# जिया में हुआ मस्टहा तिवारी परिवार का आठवां कुल सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




मस्टहा तिवारी परिवार का आठवां सामाजिक कुल सम्मेलन रविवार ग्राम जिया में आयोजित किया गया। सम्मेलन में जिले सहित आसपास के 20 ग्रामों से आए परिजनों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक एकता, शिक्षा, रोजगार एवं पारिवारिक समरसता से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा कई महत्वपूर्ण सामाजिक निर्णय लिए गए। सम्मेलन का शुभारंभ ग्राम देवता हनुमान जी के विधिवत पूजन से हुआ। इसके पश्चात मंचासीन अतिथियों द्वारा भगवान परशुराम एवं गौतम ऋषि के तैलचित्र पर पूजन-अर्चन व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। सम्मेलन को तीन सत्रों में विभाजित किया गया। प्रथम सत्र में वरिष्ठ परिजनों ने परिवार की प्रगति, आपसी एकता एवं वर्तमान समय की चुनौतियों पर विचार व्यक्त किए। द्वितीय सत्र युवाओं के लिए समर्पित रहा, जिसमें शिक्षा, सामाजिक जिम्मेदारी और रोजगार से जुड़े मुद्दों पर युवाओं ने अपने विचार रखे। तृतीय सत्र में महिलाओं ने सामाजिक बुराइयों को दूर करने, पारिवारिक सौहार्द बनाए रखने और आपसी मतभेदों को संवाद से सुलझाने पर बल दिया। सम्मेलन में जिया परिवार द्वारा यह निर्णय लिया गया कि भविष्य में दुखद अवसरों पर तेरहवीं जैसे कार्यक्रम बिना किसी आडंबर के सादगीपूर्वक संपन्न किए जाएंगे। कार्यक्रम में परिवार के वरिष्ठ बसंत तिवारी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जबकि आयोजन समिति के अध्यक्ष धर्म तिवारी ने स्वागत भाषण दिया। सम्मेलन का संचालन सौरभ तिवारी, प्रमथनाथ तिवारी, अमन तिवारी एवं नीलम तिवारी ने किया। इस अवसर पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

**ये रहे उपस्थित:** सम्मेलन में बहेरा, कुसमी, बालसमुद, बिटकुली, झिरिया, चंदनू, मुंगेली, मगरघटा, तरपोंगी, सलधा, पिपरभट्टा, बिपतरा, जिया, तुलसी सहित अनेक ग्रामों से जिसमें लक्ष्मीनारायण तिवारी,बजरंगतिवारी,चौवन प्रसाद, महेंद्र तिवारी,बृजराज तिवारी, विनोद तिवारी,आलोक तिवारी,आनंद तिवारी, सतीश तिवारी,भूषण तिवारी,देवेंद्र तिवारी, संदीप तिवारी,सुनील तिवारी,पंकज तिवारी,कमल तिवारी,हर्ष तिवारी,अखिलेश तिवारी,अजय तिवारी,शेष तिवारी,नन्द कुमार तिवारी, आशीष तिवारी,राजेंद्र तिवारी, प्रेमिल तिवारी,उमेश तिवारी,प्रदीप तिवारी,सुभाष तिवारी, संजय तिवारी, चंद्रिका तिवारी,नीलम तिवारी, सौरभ तिवारी,धवल तिवारी,भूपेश तिवारी,मनोज तिवारी,किशोर तिवारी,शिरीष तिवारी,सुधीर तिवारी,अमन तिवारी,वैभव तिवारी,मयंक तिवारी,नरेश तिवारी, ऋषि तिवारी,रमेश तिवारी,शरद तिवारी, अविनाश तिवारी, बीनू तिवारी,राहुल तिवारी,शारदा तिवारी,ममता तिवारी,उमा तिवारी,नमिता तिवारी,किरण तिवारी, मोहिनी तिवारी,अलका तिवारी,रेखा तिवारी, वंदना तिवारी,कुमुद तिवारी, सरिता तिवारी,सुनीता तिवारी, सपना तिवारी,अंजू तिवारी,मीनू तिवारी, शुभा तिवारी,मोनिका तिवारी,सीमा तिवारी, सविता तिवारी,शशि तिवारी,राजेश्वरी तिवारी ,ममता तिवारी,आरती तिवारी,सहित बड़ी संख्या में परिजन उपस्थित थे।

---

# महिला मोर्चा अध्यक्ष का भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

जिले की नवनिर्वाचित महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी के प्रथम शहरआगमन पर शिव शक्ति महिला समूह की सदस्यों ने स्वागत किया समूह के अध्यक्ष अंजलि चांडक सचिव वर्षा शर्मा ने साल भेंट कर अध्यक्ष का स्वागत किया इस अवसर पर समूह की मोहिनी निषाद कमलेश्वरी निषाद सीता साहू विरन बाई चंद्रिका कन्नौजै सावित्री शर्मा पूजा शर्मा सरस्वती यादव सहित महिलाओं ने स्वागत किया।